>

Title: Need to expedite completion of Ken-Betwa river link project.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): एशिया महाद्वीप की पहली केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को भारत सरकार ने स्वीकृति दी है। मेरे संसदीय क्षेत्र खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना का डी.पी.आर सम्मिलित हो चुका है और उत्तर प्रदेश सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की सहमति भी मिल चुकी है, इसको प्रारंभ करने से मध्य प्रदेश के 5 जिले पन्ना, छतरपुर, रायसेन, विदिशा, टीकमगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी।

इस परियोजना से पन्ना के 30 हजार हेक्टेयर, छतरपुर की 2.93 लाख हेक्टेयर एवं झांसी की 7050 हेक्टेयर क्षेत्र (भूमि) में सिंचाई होगी। इस परियोजना से 72 मेगावाट बिजली उत्पन्न होगी। साथ ही केन-बेतवा लिंक नहर, कुल लंबाई 231 कि0मी0, से मध्य प्रदेश के 39950 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। उक्त योजना में तत्कालीन दोनों मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश ने आर्थिक सहमति दी थी।

बुंदेलखंड पिछले कई वर्षों से सूखे की मार झेल रहा है, जिसके लिए केन्द्र ने विशेष पैकेज दिया है, जो बुंदेलखंड के विकास के लिए पर्याप्त नहीं है एवं इससे सम्पूर्ण बुंदेलखंड का विकास संभव नहीं है, लेकिन इस परियोजना के बजट में शामिल एवं प्रारंभ होने से जहां किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी, वहीं पिछड़े बुंदेलखंड के लोगों को रोजगार भी मिलेगा, जिससे पलायन की स्थिति को रोका जा सकता है।

मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि केन-बेतवा लिंक नहर का निर्माण शीघ्र किए जाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाये जायें।